हमारी एक महिला हिन्दुतान की प्रधान मंत्री बनी हैं । अगर कहा जाता कि उनकी नीतियां गलत हैं, अगर कहा जाता कि तुम्हारा रास्ता गलत है, अगर कहा जाता कि तुमको समझ नहीं है, अगर कहा जाता कि तुम्हारी सियासत गलत है तो बात हमारी समझ में आ सकती थीं । लेकिन कहा यह गया कि इनके पत्र आर्गेनाइज़र की तरफ से और उसमें यह छपा कि आज की कांग्रेस पार्टी को कोई मर्द नहीं मिला है इस वास्ते उसने एक औरत को प्रधान मंत्री बना दिया । यह भी उसने लिखा कि एक स्त्री को हिन्दुस्तान का प्रधान मंत्री बना दिया यह देश के लिए दुर्भाग्य की बात है । जनसंघ के अखबारों ने यह भी कहा—मेरे मुंह से वे शब्द नहीं निकलते हैं, मुझे उनको कहते हुए शर्म आती है—कि अगर एक स्त्री का राज्य, और खास कर एक विधवा स्त्री का राज्य, हिन्दुस्तान में होगा, तो यह हिन्दुस्तान का दुर्भाग्य होगा । अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में हमेशा स्त्री का एक महान स्थान रहा है और विधवा स्त्री का स्थान उससे भी महान रहा है और उसको हमेशा इज्ज़त की निगाह से देखा जाता रहा है । ऐसी सूरत में इस किस्म की बात कहना कहां तक मुनासिब है, यह आप ही सोच सकते हैं । इसलिए मैं अदब से इस पार्टी से दरख़्वास्त करना चाहती हूं कि ये लोग महिलाओं के बारे में बात करना छोड़ दें, क्योंकि हिन्दुस्तान की महिलायें उनको खूब अच्छी तरह से जानती हैं ।

मैं यह भी अदब से निवेदन करना चाहती हूं कि जहां तक डीवैल्युएशन का

सम्बन्ध है, वह अच्छा है या बुरा, वह हो गया है। डीवैल्युएशन होना अपने आप में न तो राइट की तरफ़ स्टेप है और न लैफ्ट की तरफ़ स्टेप है। इसके क्या कारण थे और आगे चल कर हम इस बारे में क्या करने वाले हैं, इस पर यह डिपेंड करेगा कि यह स्टेप राइट को हुआ या लैफ्ट को हुआ।

इस बारे में कहा जाता है कि फारेन कंट्रीज का प्रैशर हिन्दुस्तान पर रहा। रहा होगा। जो कोई मुल्क पैसा देता है या इमदाद देता है, वह अपने इन्ट्रेस्ट के लिए प्रैशर डालने की कोशिश करता है। लेकिन हक़ीक़त यह है कि आज तक हमने किसी फ़ारेन प्रैशर को नहीं माना है और हमने हमेशा उसका मुकाबला किया है। जब चीन ने हम पर हमला किया, जब पाकिस्तान ने हम पर हमला किया, तो क्या हम पर दुनिया भर के प्रेशर नहीं पड़े थे? और सिर्फ यही नहीं कि हम बाहर से प्रैशर्ज़ का मुकाबला करते हैं, हम अन्दर के प्रैशर्ज़ का मुकबला भी खूब अच्छी तरह से करते हैं। उस वक्त भी हम पर प्रैशर पड़ा कि इस प्लान को तोड़ दो, समाजवाद को छोड़ दो, लेकिन हमारी सरकार ने उस प्रैशर के सामने सिर नहीं झुकाया। आज भी मैं अपनी सरकार से अदब से प्रार्थना करूंगी कि वह किसी किस्म के प्रैशर के सामने न झुके और समाजवाद के अपने पुराने उद्देश्य और ध्येय की तरफ आगे बढ़ने की कोशिश करे। इस तरह हम लोग यह साबित करेंगे कि डीवैल्युएशन करना कोई राइट की तरफ कदम नहीं था।

कुछ साल पहले इस सदन के सामने यह सवाल आया था कि बैंक्स को ले लेना चाहिए। उस वक्त भी हमारे प्रधान मंत्री और फिनांस मिनिस्टर ने कहा था कि उसूलन हम बैंक्स को ले लेने के खिलाफ़ नहीं हैं; यह सवाल हमेशा ओपन रहेगा और जब भी जरूरत समझी गई, तब इनको ले लिया जायेगा। कांग्रेस के प्रस्तावों में वक्तन-फ़वक्तन इस के बारे में बहुत कुछ कहा गया है। इस वक्त भी बैंक्स को ले लेना हमारी पालिसी का हिस्सा है। जब भी सरकार उचित समझेगी, उन को ले लेगी, इसमें कोई सन्देह नहीं होना चाहिए।

जहां तक खेती का सवाल है, लैंड रिफ़ार्म्ज़ पर ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए और उनका इम्पलीमेंटेशन अच्छी तरह से होना चाहिए। इस बारे में अभी तक हमारी सरकार के काम में काफी कमी है और उस कमी को दूर किया जाना चाहिए। हमारे किसानों के लिए कुओं और सीड्ज़ वग़ैरह का ठीक इन्तज़ाम होना चाहिए। इस सिलसिले में बहुत तकलीफ़ का सामना करना पड़ता है। मेरे पास समय नहीं है, वर्ना मैं आपको बताऊं कि इस सिलसिले में कितनी परेशानी है। अव्वल तो टयूबवैल्ज़ बनते नहीं हैं और अगर बनते हैं, तो चलते नहीं हैं, क्योंकि कहीं कहीं आपरेटर नहीं है और कहीं बिजली या तेल नहीं है। इन कठिनाइयों को दूर किया जाना चाहिए।

एक खतरे से हम को बचना चाहिए और मैं समझती हूं कि हम बचेंगे। जब अनाज की कमी हुई, तो स्वतन्त्र पार्टी के लोगों ने यह नारा लगाया कि ज्वायंट स्टाक कम्पनीज़ को जमीन दी जाये, तो वे खेती करेंगी। मैं कहना चाहती हूं कि अगर ज्वायंट स्टाक कम्पनीज़ को जमीन देनी होती, तो हम जमींदारी को ही क्यों खत्म करते। हम एक जमींदार को खत्म करके दूसरे जमींदार को किसानों के सिर पर बैठाने के लिए तैयार नहीं हैं। हम चाहते हैं कि जमीन किसानों के पास ही रहे और सरकार की तरफ़ से उनको खेती करने के लिए ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें मिलें। यही हमारी नीति रही है और मैं सरकार से निवेदन करूंगी कि वह और तेज़ी से इस नीति पर चले।

जहां तक इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट का ताल्लुक है, मुनासिब यही है कि सरकार

[श्रीमती सुभद्रा जोशी]

उसको अपने हाथ में ले ले। पिछले दिनों इम्पोर्ट की खुली पालिसी चला दी गई थी और कहा गया था कि सब चीजें इम्पोर्ट करते चले जाओ। इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिये कि हमारे यहां जो छोटे कारखाने हैं, वे मोटरों के पुर्जे और कई दूसरे पुर्जे बनाने लग गये हैं। उन्होंने पंजी लगाई है, जिससे इस देश को फायदा पहुंच रहा है। अगर बिना इस बात को देखे कि कौन सी चीज हिन्दुस्तान में बनती है, उस का इम्पोर्ट खोल दिया गया, तो हमारे यहां जो टेंडेंसी चल रही थी कि ज्यादा से ज्यादा चीजें यहां बनाई जायें, ईजाद की जायें, उनका आविष्कार किया जाये, उस टेंडेंसी को बड़ा भारी धक्का पहुंचेगा।

इन चन्द शब्दों के साथ मैं निवेदन करना चाहती हूं कि जो माननीय सदस्य अच्छी नीयत से इस अविश्वास प्रस्ताव को लाए हैं, उन्होंने हमको इस बात का मौका दिया है कि इस हाउस में और इसके बाहर सरकार की नीतियों और देश की समस्याओं के बारे में जो कनफ्यूजन है, हम उन को दूर कर सकें। देश की जनता इस बात का फैसला करेगी कि यह अविश्वास प्रस्ताव इस वक्त सरकार के खिलाफ़ पास होना चाहिए या चुनाव के मौके पर इन आपरचुनिस्ट पार्टीज के खिलाफ़ पास होना चाहिए।

**Shri J. B. Kripalani** (Amroha): Mr. Speaker, Sir, I have no intention or appetite to enter into the controversies that have been going on for the last few days. I was not present when this no-confidence motion was supported by more than 50 members here. If I had been there, even though I am in the opposition, I would not have supported this motion. There are reasons for that. It is not because this motion was sponsored by the communists, not because this motion is not right and I have confidence in this Government, but there are other reasons for which I would not have supported this motion.

The first of these is that it makes Congress people to gang up and speak against their conscience. What they have been criticising about the Government, in their private circles they belie themselves and argue against it in a no-confidence motion. There are not a few people in the Congress, including some members in the Cabinet, who are not disturbed by the policies of the Government. They have told me, "We do not know what is happening to this country; we do not understand what is going on." They themselves are disturbed, but when a no-confidence motion is brought, they gang together and they speak with one voice. They belie what they have said in private or in their own circles or in their own executives or in their own Cabinets.

I do not think this Government really deserves a no-confidence motion. It deserves our pity. Why? Because it is slowly and slowly falling by its own weight. It has materially and morally brought down the nation and not advanced the nation. It has injured the country; I have absolutely no doubt about it. It is not a question of the last few years. This deterioration has been progressive. The material deterioration is now plain, that the rupee is devalued and there is no country from which we have not begged for money. Even to a poor country like Italy our Finance Minister went to get some millions of liras, and in that country children have gone without their breakfast in order that our people may be supplied with food. There can be no sadder commentary upon this Government than that it has not been able to tackle the primary necessity of life—food—and progressively we have been getting more and more food from outside. After all, India is an agricultural country. Why is it not possible for them to provide food for the people?

**16.00 hrs.**

We had three Five Year Plans. After these three Five Year Plans it

is considered that among the 24 backward countries which have recently achieved their freedom we are the last but one in development. This is not something that the Opposition Members say, this is something that the world has said. Yesterday one Congressman said that our Plans have gone wrong. Why? He said, because we were too ambitious for our people, we wanted to raise their standard of living very soon. Sir, in *Gita* it is written that the man who does not know what his strength is and attempts to do something which is beyond his strength is working through *tamsic* understanding and he is not working through *satvic* understanding—that means he has no understanding.

This Government has committed so many sins of omission and commission that one has not to pass a vote of no-confindence in it but one has to pity it. Their mistakes are legion. I would not say these are mistakes, these are the sins of omission and commission. Let me remind the House that when people are put in responsible positions, when their decisions affect the lives of millions of people, it is not that they have committed a mistake but they have committed a sin. This point I have learnt from Mahatma Gandhi. He said that no man in responsible position should commit a mistake, that would adversely affect the lives of the people. People who are at the helm of affairs should not commit mistakes. And, these mistakes that they commit are not mistakes that are committed on account of ignorance, this is unfortunate! A person or an organisation may be ignorant and might commit a mistake, but when the same mistakes are being committed from year to year, then it is double stupidity. That means the people do not learn by experience. If you read the reports of the Public Accounts Committee or if you read the Audit Reports, you will find that the same mistakes are being committed over and over again.

It is not these mistakes about which I complain so much as about the effort to cover up the mistakes, the efforts to cover up bribery, corruption and misrule, I heard a few days back that there are persons who are a some sort of go-between—what do they call them. . . .

**An hon. Member:** Contact men.

**Shri J. B. Kripalani:** Yes, contact men. These contact men—men and women—commit havoc, and yet when in this House it is asked that their names be given and the names of the firms that employ them, nothing is done. It is covered up. When there is a complaint against a Secretary every effort is made to cover it up. It is said that if we expose them then no Secretary would take responsibility. This is a most absurd reasoning that can be given for covering up corruption. Sir, I say, and I say in all seriousness, that the murder of the late Chief Minister of Punjab was not brought up by his enemies but by those who covered up his sins. His sins went on so accumulating that somebody or the other was bound to take revenge upon him. His blood lies upon all those who for years covered up his sins. And such things will happen, such things are bound to happen if we go on like this. I want the Congressmen to keep....

**Shri K. C. Sharma** (Sardhana): The case is in the court. It is not permissible to express our opinion when a case is in the court.

**Shri Surendranath Dwivedy** (Kendrapara): He is not going into the merits.

**Shri J. B. Kripalani:** I am not going into the merits of the case. I am not saying that this man or that man killed him. I do not know why a Congressman having been for years in the Congress does not understand this simple thing that he was murdered because of his sins....

**Shri K. C. Sharma:** My hon. friend happens to be a layman and therefore he does not understand the intricacies of law. He has taught children, but I have taught children judges.

**Shri Surendranath Dwivedy:** Your knowledge of law is very shallow.

**Shri J. B. Kripalani:** Anyway, I think the greatest evil that we do is to cover up these cases of bribery and corruption. First of all, corruption was denied. Then our pious Home Minister came and staked his office. He said he would take away corruption in two years. All right. He did very good work. I remember, the houses of some of the cinema stars were searched and lakhs of rupees were found on which they had paid no tax. Similarly, there were some doctors, lawyers and merchants whose houses were ransacked and it was found that they had accumulated money through unlawful means. But their names never appeared in the papers. We do not know what was done to them. I would very much like to be enlightened by Congressmen, if they know it, as to what was done to these people. If they catch anti-social persons they do not give their names and we do not know what punishment they get. This is not the way to tackle corruption. So, I say: let the Congress people take a little thought to themselves, whether their house is in order, because a house divided against itself is built on sand; the wind may come, the flood may come and it may be swept away. Remember, institutions do not die physically soon. First of all, they die morally. The moral authority of the Congress, the moral authority of this Government, exists no more. Go to any house, go to any club, go to any other association where people get together, in the train, in the bazar, in the buses, what do you find people talking? That this Government is thoroughly corrupt, that it has ruined the nation, that it has starved the nation. When the moral authority of the Congress is gone, then it must be remembered that it is dead in the universal scheme of things, even though it may take a little more time to die physically.

Sometimes it happens in the case of organisations and individuals that when they are dying their bodies become bloated and they think that they are becoming healthy. They do not know that their bodies are bloated because they are diseased. When the patient does not know that his body is diseased, his base is hopeless. When a person knows his body is diseased, he can take certain measures, he can call for the doctor. But when the diseased person thinks that he is growing more and more healthy, his case is beyond all remedy. This is what is taking place in the case of the Congress.

Then, again, this Congress, even this Government, bad as it is, is divided in its own ranks. Who carries on campaigns for the demarcation of boundaries? Is it an agitation engineered by the opposition members? Who intercepts the trains? Is it the opposition members who tamper with the tracks? It is done by the Congressmen, and the Congress organisation passes resolutions praising the agitation and the Congress Government supports them, on both sides, whether it may be the division of territory between Maharashtra and Karnataka, or Bengal and Bihar or Punjab to be divided into three parts. Punjab was already a half State. That half State has been made into three parts; so, it is one-sixth of the original Punjab. That great State that had a great name, that State which defended our borders so ably, where women met with jars of milk the jawans who were returning from the front, and that too while the bombs were falling, that State has been divided. And by whom was it divided? By the Congress Government. Why was it divided? Because they had no power to resist the demand that is against the interests of the whole of the nation. They had not the power to resist that. The members of the Congress Working Committee were against this division, the members of the Cabinet were against it, but because somebody had threatened with something, so they yielded against their better judgment. This is not the way Governments are carried out. I can understand it if they say that division of half of the State into three parts is beneficial to Punjab. If

they in their wisdom had said that it is for the good of the nation, I could have understood it. But when it was against their better judgment what should one say? They have expressed their opinion quite publicly, quite loudly that it is a bad decision. When a Government definitely takes a bad step deliberately, then I say that Government has to be pitied. It is not a question of a no-confidence motion.

I want the Congress people to sit among themselves, search their hearts and reform their organisation. They have to put some life in their Government if they really mean business. It is a great organisation which has done marvellous service to the country in the past. Remember our traditions. What were they? We had a glorious revolution, the like of which there has never been in history, a non-violent fight for freedom, brought to a successful end, and we got swaraj under a leader the like of which comes only once in centuries. But what have we done to this heritage? Because we got freedom, many other countries also got their freedom and today those countries are better off than India.

**Shrimati Vijay Lakshmi Pandit:** Which one? They have all fallen like a pack of cards.

**Shri J. B. Kripalani:** It is not something at which one is delighted, it is not something of which one is proud, it is not something which one likes. But I must speak out in these last days of my life the truth that is within me. I may be wrong, but I tell you, my friends, I am honest in what I am saying. Go and search your hearts, find out if what I say is not correct, is not honest, is not for the good of the country.

I had been going amongst the masses of the people and seeing what they are doing, what they are thinking and saying, everybody. For God's sake, let not the Congressmen enter into arguments. Two lawyers can argue against each other. That does not settle the case. The case is settled by what the people say, what the people think within their hearts, what the people suffer from.

I remember there was a controversy between the great poet Rabindranath Tagore and Gandhiji. Gandhiji called him a great sentinel and said: "you are talking of the song of the bird; but when there is nothing in the belly of the bird, how can he sing?" We are living in that condition and it is such that we have to think of it. I appeal to Congressmen, not because I am in the opposition but because for quite some time I was one of them. I have worked in this organisation for years, painful years of service. Therefore, I appeal to them: for God's sake, put your house in order, be united, find out ways and means for solving the problems by sitting with us, the members of the opposition.

Once in this House our late Prime Minister of sacred memory, Jawaharlal Nehru, said, "I do not consider that I am big enough, that I am wise enough, that my organisation is big enough or wise enough, that my government is big enough or wise enough to solve all the problems that face this country; they are too many, too complicated; let us put our heads together". And do you know why opposition creates troubles? I will tell you why the opposition creates trouble. The opposition consists of youngmen. When they find that they are not taken into confidence, as opposition parties are taken into confidence in every democracy, they create trouble. In the United Kingdom the opposition is considered the King's Opposition. It is given a respectable place. Its members are sent out to propagate for that country. Its members are given respectable positions, they are taken in committees and councils. But here everything is to be confined to Congressmen and Congressmen alone. I do not wonder that young people who feel frustrated create trouble here and create situations in which, Sir, you have to intervene. You have to drive away some people and some people are

[Shri J. P. Kripalani]

dragged away. Even the poor sergeant is not able to tackle these gentlemen.

Remember these young people. If they get frustrated, their only possible manner of expression is to create trouble. You can avoid that trouble by taking them into confidence, by sitting with them, by sharing with them the power that is necessary for bringing about reform in the Government.

**डा० राम मनोहर लोहिया** (फरुंखाबाद) : अध्यक्ष महोदय, भारत में चौबीस करोड़ मर्द हैं और करीब-करीब उतनी ही, यानी चौबीस करोड़, औरतें हैं। प्रधान मन्त्री अब छः महीने से अपनी गद्दी पर हैं। अगर उन्होंने इन औरतों की अवस्था में, रहन-सहन और जीवन में, जरा सा भी, मामूली सा भी सुधार किया होता, तो आज मैं उन को कम से कम अपना विश्वास दे देता। लेकिन वह सम्पूर्ण रूप से असफल रही हैं। चौबीस करोड़ औरतों का इस देश में कहीं कुछ भी भला नहीं हुआ है। हो सकता है कि प्रधान मन्त्री के कवि और गायक इसमें भी उनकी महत्ता ढूंढ़े और कहें कि देखो, कितनी न्यायप्रिय है, कितनी पक्षपातविहीन है कि जब मर्दों का कोई भला नहीं किया, तो औरतों का क्या भला कर पाती। ऐसा उनके कवि कहेंगे, लेकिन चौबीस करोड़ औरतें उनको कोस रही हैं। अब भी जो उन के दिन रह गए हैं, सौ दिन, हजार दिन या दस दिन, उनमें अगर वह औरतों के हित की कुछ बात कर पातीं, तो अच्छा होता।

मर्द के मुकाबले में एक औरत ज्यादातर अपने घर में रहती है, बाहर नहीं निकलती है। तो कम से कम प्रधान मन्त्री इतना कराय कि फ़र्श से लेकर छत तक धुआं निकलने के लिए नाली या चिमनी का इन्तजाम किया जाये, जिससे औरतों की आंखें बचें। इसके अलावा पानी निकालने या दूर से ले आने में बहुत तकलीफ़ होती है। देहात के लोग इस बात को जानते हैं कि भारत की औरतों को पाखाने के मामले में कितनी तकलीफ़ होती है। तो इस सम्बन्ध में भी प्रधान मन्त्री कुछ करें। जहां तक अन्न का सम्बन्ध है, यह सही है कि सभी भूखों मरते हैं, लेकिन औरतों और बच्चों पर यह आफ़त ज्यादा आती है। इसके अतिरिक्त समान काम के लिए समान वेतन मिलना चाहिए। एक औरत प्रधान मन्त्री रहे और औरत को मर्द के बराबर काम करने पर भी कम वेतन मिले, इस से ज्यादा शर्म की और कोई बात नहीं हो सकती है। इसके अलावा यह बात भी याद रखनी चाहिए कि औरत के राज्य में थोड़ी करुणा का समावेश हो और कठोरता कम हो। ऐसा नहीं होना चाहिए कि कठोरता बढ़ती रहे।

लेकिन यह सब कुछ होने वाला है नहीं, इस लिए ये चौबीस करोड़ औरतें तो कोसती ही रहेंगी। मुझे कुछ जोर से कहना पड़ता है कि महात्मा गांधी ने जो बात कही थी, वह बहुत मुश्किल है—यह कि एक भंगी की लड़की इस देश की प्रधान मन्त्री बनती, तो अच्छा होता।

**श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित** : वह भी दिन आयेगा।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : आयेगा, लेकिन अगर माननीय सदस्य भी मेरे साथ उस के लिए कोशिश करतीं, तो ज्यादा मजा आता, लेकिन करें क्या ?

**श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित** : माननीय सदस्य क्या कोशिश कर रहे हैं ?

**डा० राम मनोहर लोहिया** : मुश्किल यह है कि यह देश बूआ-भतीजी का है। अगर यह देश सिद्धान्तों का होता; तो एक भंगी की लड़की अब तक प्रधान मन्त्री की गद्दी पर बैठी होती।

**श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित :** अगर माननीय सदस्य रोड़े न अटकाते, तो वह भी दिन आ गया होता ।

**डा० राम मनोहर लोहिया :** अगर कोई ऐसी लड़की इस गद्दी पर बैठी होती, जिस की परवरिश क्रान्ति के विस्फोट के जमाने में हुई हो, तो इस देश का कुछ भला हो सकता था । लेकिन अगर एक ऐसी औरत इस गद्दी पर बैठे, जिसने अपने दिमाग़ के खुलाव और फैलाव को क्रान्ति की गिरफ्तारी के ज़माने में किया है, तब मैं नहीं समझता कि इस देश का कोई भला हो सकता है ।

श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित ने एक साल पहले कहा था कि यह सरकार दुविधा और अनिश्चय की बन्दी है । भतीजी ने कहा है कि सरकार में और जितने भी दोष हों, लेकिन कम से कम यह गुण तो है कि उसकी निर्णय शक्ति है और जल्दी फ़ैसला करने की क्षमता है । यह बात अगर सही हो, तो मैं समझता हूं कि इस सदन को खुले दिल से उन्हें अपना विश्वास देना चाहिए ।

वास्तव में यह कसौटी बड़ी अच्छी है कि क्या इस सरकार ने कोई निर्णय शक्ति, दुविधा को खत्म करने वाली कोई क्षमता दिखाई । सब से बड़ा उदाहरण अवमूल्यन का, रुपये की घिसाई का दिया जाता है । यह अवमूल्यन क्यों हुआ, कैसे हुआ ? क्या वह अपनी मर्जी से हुआ ? मान लो, पुलिस का इंसपैक्टर किसी कैदी को कहे कि अब तुम मुर्गा बनो और वह कैदी . अपनी निर्णय शक्ति को दिखा कर कहे कि मैं मुर्गा बनने के लिए तैयार हूं । तब उसने बड़ी निर्णय शक्ति दिखाई न ! अमरीका और विश्व बैंक के लोगों ने भारत सरकार को कहा कि मुर्गा बनो और भारत सरकार ने मुर्गा बनने में अपनी निर्णय शक्ति बहुत ज्यादा दिखाई, क्योंकि यह बिल्कुल साफ़ है और खुद भारत सरकार के बयान में कहा गया है—मैं अंग्रेजी का तर्जुमा किये देता हूं—कि यह रुपये की घिसाई और ज्यादा टाली नहीं जा सकी, क्योंकि जितने मदद के समझौते या बातचीत थीं, व इसी के ऊपर निर्भर करती थीं । यह भारत सरकार के अपने बयान में है । उस बयान के मुताबिक हम को अमरीका या विश्व बैंक से जो भी मदद मिल सकती थी, उस पर बातचीत होना भी नामुमकिन था, जब तक कि रुपये की घिसाई या अवमूल्यन न हो जाता ।

इस स्थिति में मेरी समझ में नहीं आता कि यहां कोई मन्त्री खड़ा होकर कैसे कहता है कि हमने यह फ़ैसला अपने मन से किया है । यह फ़ैसला किया है अमरीका और विश्व बैंक ने और यह बात भारत सरकार के अपने बयान से बिल्कुल साफ़ है ।

लोग कहते हैं कि क्या यह फैसला टाला जा सकता था । यह बात सही है कि एक शराबी अपनी मिल्कियत के हिस्से बीच-बीच में बेचने के लिए जरूर मजबूर हो जायेगा अगर वह शराब पीने की अपनी आदत न छोड़ सके । जो सरकार फिज़ूलखर्ची की अपनी आदत नहीं छोड़ सकती उस के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वह अवमूल्यन करे और उस में निर्णय-क्षमता कोई नहीं है । वह तो मजबूरी है हालात के सामने झुकने की ।

**16.26 hrs.**

[SHRI SHAM LAL SARAF *in the Chair*]

आप याद करें कि जब अंग्रेजी का राज्य यहां से खत्म हुआ, तब हमारे 20 अरब पौण्ड पावने इंगिलिस्तान में मौजूद थे और इस वक्त सरकार के हिसाब से करीब 25 अरब रुपये हम ने विदेशों को कर्ज़ का देना है । मेरा अपना हिसाब है कि करीब 50 अरब रुपया होगा, जिस का मतलब यह है कि 70 अरब रुपया हम ने विदेशों से कर्जा ले कर खर्च किया है । मेरा हिसाब है कि उस में से आधे के करीब तो खेती, कारखाने को सुधारने के लिए खर्च हुआ है, लेकिन आधे के करीब

[डा० राम मनोहर लोहिया]

उड़ाया गया है। जिस तरह से अगर कोई पिता अपना व्यापार या खेती या कारखाने को बढ़ाने के लिए कर्जा लेता है और अपने बच्चों पर कोई बोझ नहीं डालता है, तो वह अच्छा कहलाता है। लेकिन अगर कोई पिता अपने चालू खर्चे के लिए कर्जा लेता है और अपने बेटों और पोतों पर बोझ डालता है तो वह कलंकी कहलाता है। उसी तरह यह सरकार कलंकी सरकार रही है क्योंकि उस ने आज-कल के पांच दस बरस के बच्चों पर यह जबर्दस्त बोझ डाला है अपना चालू खर्चा चलाने के लिए—चालू खर्चा पेट भरने के लिए भी और महल बनाने के लिए भी।

मैं ने अभी 70 अरब रुपये की बात कही। उस में से करीब 30, 40 अरब रुपया तो सही रहा होगा और बाकी 30, 40 अरब रुपया चालू खर्चे पर जनता की रोटी और उस के साथ-साथ बड़े लोगों की ऐयाशी और फिजूल खर्ची पर। यह सही है कि इस वक्त अपने मुल्क में करीब पचास या साठ लाख आदमी ऐसे हैं जिन को मैं एक तरह से बनजारा कहूंगा। बड़े लोग, सरकार के बड़े लोग, कारखानों के बड़े लोग ठाठ और धन की लूट मचाए हुए हैं। 100 जनसंख्या के पीछे एक ऐसा है जो उन की पीठ पर लदा हुआ है। चाहे वे कारखाने के सेठ करोड़पति हों और चाहे सरकार के मंत्री, मुख्य मंत्री और प्रधान मंत्री हों, ये बनजारे जनता की पीठ पर लदे हुए हैं। उस के साथ साथ उन के लम्बरदार हैं, सरकारी नौकर हैं। चालीस आदमियों के पीछे एक सरकारी नौकर है। इस गरीब मुल्क में कहां से ऐसी ताकत आयेगी कि सौ के पीछे तो एक बनजारा पीठ पर लदा रहे और 40 के पीछे एक लम्बरदार पीठ पर लदा रहे? जब तक इसका जवाब नहीं निकलता है, तब तक अवमूल्यन का कोई जवाब नहीं। चालू खर्चे को कम करो, ऐय्याशी को कम करो। सीमा लगाओ और मुझे यह कहना है कि पहली गैर-कांग्रेसी सरकार वह जिसकी भी बने जो पहले बनेगी उस का फर्ज होगा और पहला फर्ज होगा कि हर एक के खर्चे के ऊपर सीमा बांध दे, खर्चे और आमदनी पर ताकि खेती और कारखाने में सुधार किया जा सके और इसी के साथ-साथ दूसरा काम है, एक जांच कमीशन बैठाये एक जांच कमीशन करीब-करीब उसी ढंग का जैसे लोक सेवा आयोग होता है जो सब तरह के मामलों की जांच करे, जो स्वराज्य के दिनों में गद्दी के नाजायज इस्तेमाल से जितनी भी मिल्कियत इकट्ठा हुई है उसकी जांच करे और जब पता चले कि यह मिल्कियत नाजायज तरह से इकट्ठा की गई है तो फिर उस मिल्कियत को जब्त किया जाय। ऐसे लोग जेल में जायें या और कहीं जायं, इससे मुझे मतलब नहीं लेकिन मिल्कियत जब्त हो और तब हमेशा के लिए भारत की जनता समझ जायगी कि अब घूंस का जमाना गया। अब दूसरा जमाना आ रहा है।

लेकिन प्रधान मंत्री बहुत हाजिर जवाब हैं। मस्त हाजिर-जवाबी है उनकी और जब उन्हीं की पार्टी के सभापति ने अवमूल्यन को लेकर कुछ उनको उलझाना चाहा क्या खूबी से उन्होंने जवाब दिया कि सजन लोगों ने जब फैसला कर दिया कि नस्तर लगाना ही है तो नस्तर के लिए चुनाव तक इन्तजार करने की क्या जरूरत है? अपने देश के फायदे के लिए, चाहे पार्टी का नुक्सान हो, कुछ भी हो, हमें नस्तर फौरन लगाना है, देर क्यों करें? क्या गजब की हाजिर जवाबी है? उनके दल का सभापति तो बेचारा सकपका गया होगा, कहां फस गया? कैसी बात कह बैठा था। और उस तरह का मस्त हाजिर जवाब वह और भी तो बातों में दिखाते हैं। इस से मतलब नहीं कि असलियत क्या है, इस से मतलब नहीं कि सच और झूठ के बीच में लकीर है या नहीं। यूं न तो पिछले बीस-वर्षों से हिन्दुस्तान में सच और झूठ का घोल हमेशा चलता रहा है, लेकिन मैं देख रहा हूं कि इस सरकार ने कुछ

पग और आगे बढ़ा दिया है। पहले सच और झूठ का कम से कम चोल तो हुआ करता था। अब सच और झूठ, न्याय और अन्याय के बीच की लकीर ही गायब हो चुकी है। यह सरकार परब्रह्म हो चुकी है। सच और झूठ के परे जा चुकी है और तभी यह कह देती है बार बार, अभी 66 में आन्दोलन हुए तो कहती है कि यह तो चुनाव वर्ष है और जब कभी चुनाव वर्ष होता है तो हमेशा आन्दोलन होते हैं। तो सन् 61 में भी हुए होंगे, 56 में भी हुए होंगे और 51 में भी हुए होंगे। लेकिन अगर कोई मेहनत करे और इन वर्षों की घटनाओं का अध्ययन करे तो साफ पता चलेगा कि इससे बड़ा झूठ और कोई है नहीं क्योंकि चुनाव के वर्ष में राजनतिक पार्टियों का दिमाग चनाव की ओर लग जाया करता है और मैं आपको सन् 61 की घटनाएं बताता हूं। उसी लोक सभा के पुस्तकालय से मैंने एक सूची मंगाई, कुल 193 घटनाएं थीं। उनमें से कुल 5 घटनाएं ऐसे झगड़ों की थीं। वह भी कहीं सिल्चर में कोई भाषण का झगड़ा हो गया, जबलपुर में कोई मजहब का झगड़ा हो गया, कहीं किसी आदमी का कतल हो गया इस तरह से सरकारी, गैर-सरकारी मामले। जनता की तरफ से झगड़ा विद्रोह या आन्दोलन की कोई घटना 61 में महत्व की नहीं है हालांकि उसमें 199 हैं। इस साल यह विद्रोह हो रहे हैं, घटनाएं आन्दोलन बन्द और हड़तालें जो हो रही हैं तो उस का कारण है पिछले बीस वर्षों के कुकर्मों और दुर्नीतियों का जो घड़ा भरता चला आ रहा था वह अभी कुछ कुछ फूटना शुरू हुआ है, अभी पूरी तरह तो फूटा नहीं है, फूटना शुरू हुआ है और इसलिए यह आन्दोलन हो रहे हैं। राजनीतिक पार्टियां आज विद्रोह करें, उनमें कहां इतनी ताकत और कहां इतनी जुर्रत है कि अपनी तरफ से आन्दोलन खड़ा करें। उन्हें तो मजबूर किया जा रहा है। नहीं तो इस साल तो वह अपने चुनाव संगठन में लग जाती थीं। यह सब हथकण्डे तो सरकारी पार्टी किया करती है। 1961 में गोआ विजय किया था क्योंकि 62 में चुनाव जीतना था। और मैं अभी से एक चेतावनी देना चाहता हूं कि शायद 66 के अन्त तक या 67 के जनवरी में अणु का किसी रूप में विस्फोट करके भारत को जनता को गुमराह या धोखा देने की कोशिश यह कांग्रेस सरकार करे और वोट अपने साथ ले। और आप याद करें। सन् 61 में इस सरकार ने सहकारी खेती का नारा लगाया था। उस वक्त मालूम होता था कि सहकारी खेती के अलावा और कोई रास्ता हो नहीं रह गया है हमारे उद्धार का और पिछले पांच वर्ष में हुआ क्या? कुल मिला कर सरकार खुद कहती है 3 लाख एकड़ के ऊपर सहकारी खेती हुई। 32 करोड़ एकड़ में 3 लाख एकड़ 5 वर्ष में, हजार में एक हिस्सा। इस रफ्तार से चले तो कांग्रेस सरकार अपने चुनाव घोषणा पत्र को कारगर करने में 5 हजार वर्ष लगायेगी। यह है सहकारी खेती का। मैं समझता हूं कि इस बार भी उनका चनाव घोषणा पत्र कोई कमाल लेकर आयेगा। शायद फसल बीमा लेकर आये। करना तो है नहीं। जैसे पिछली बार कहा था सहकारी खेती, इस बार कह देंगे फसल बीमा। लेकिन मैं जनता को आगाह कर देना चाहता हूं कि अब इनकी बात में कोई मतलब नहीं रह गया है। यह तो खाली मस्त हाजिर जवाब हैं। जो मन में आया कह दिया, जब चाहा कह दिया। दो मिनट पहले क्या कहा था उसकी क्या परवाह है, अगर फौरन कोई जवाब मिल जाता है और इसीलिए प्रधान मंत्री ने उड़ीसा के दौरे के समय कह दिया कि यह अकाल तो वहां पड़ा था जहां विरोधी लोग जीते थे। मन में जो आया कह दिया। आखिर को अकाल कहां पड़ा है? जहां पर हरिजन और आदिवासियों की तादाद ज्यादा है और इसीलिए मैं देश के सभी हरिजनों और आदिवासियों से एक बात कहना चाहता हूं कि हालांकि कांग्रेस पूरे देश के पैमाने पर इस लोक सभा में 73.6 सीटें जीता करती है, लेकिन आदिवासियों

[डा० राममनोहर लोहिया]

और हरिजनों के बीच में 79.8 यानी करीब करीब 80 प्रतिशत जगहें जीत जाया करती हैं। हरिजनों को और आदिवासियों को इसके ऊपर कुछ सोच विचार करना चाहिये। कब तक वह अपने निजी स्वार्थ और सीटों के लिए इस कांग्रेस के पिछलग्गू बने रहेंगे जब कि यह सरकार उनकी अवस्था के सुधारने में कुछ नहीं कर पाती? अकाल का सबसे ज्यादा शिकार उन्हीं को बनना पड़ता है। जब बस्तर में गोली चलती है तब आदिवासी मरते हैं, जब बांदा में गोली चलती है तो हरिजन मरते हैं क्योंकि बांदा में 23 आदमियों की फेहरिश्त मिली है उनमें से करीब करीब 18 या 19 हरिजन हैं। ऐसी अवस्था में इस स्थिति को पलटना अगर चाहते हैं तो इस पर भी ध्यान दें। जहां इनकी मस्त हाजिर जवाबी की बात मैं कह रहा हूं, जहां मैं यह कह रहा हूं कि सच और झूठ की दीवार बिलकुल टूट चुकी है, वहां अकाल का मामला कितना खतरनाक रहा है? उसी के सबब से आन्दोलन भी हुए। अकाल में मैं अधिक नहीं कह सकता कि हर साल कितने आदमी मरे होंगे लेकिन हर साल करीब 45 लाख आदमी अपने देश में जितने मरने चाहिएं उससे ज्यादा मरते हैं। यानी जो यूरप में मरने की गति है उसको अगर देखा जाय तो उसकी तुलना में 45 लाख आदमी ज्यादा मरते हैं। एक मानी में कहा जाय तो वह सब के सब कम खाये या बिन खाये मरते हैं। लेकिन कम से कम 7 या 6 लाख आदमी ऐसे जो मुझे पक्के तौर से कहना है बिन खाये मर जाते हैं। कम खाने की बात मैं नहीं करता हूं और उसी के साथ साथ आप जानते हैं कुछ महामारियां होती हैं और वह महामारियां पानी की वजह से ज्यादा होती जाती हैं। इस साल 1966 में 20 वर्ष के बाद इन प्रधान मंत्री की हुकुमत में एक और बड़ा पग आगे सरकार गई है। अभी तक तो अकाल हुआ करता था अनाज का, सन् 54 में हुआ या और किसी वक्त में हुआ लेकिन इस वक्त पानी का भी अकाल हो गया। पानी भी जगह जगह नहीं मिला। पहले बम्बई तो खाली होने ही वाला था। इन्दौर और कहां कहां अठन्नी और रूपये में पानी बिका न जाने कितने इलाकों में, शायद 15 करोड़ आदमियों के इलाके ऐसे हैं जहां पीने का पानी तक अच्छा नहीं मिलता है। और इस पानी के अकाल ने इस भोजन के अकाल ने ऐसी अवस्था पैदा कर दी है कि आप जानते हो, हैजा और चेचक जिससे आदमी बिलकुल नहीं मरने चाहिए, हर साल दो चार लाख आदमी मर जाया करते हैं। मैंने कई दफा सुझाव दिया कि जिस तरह से सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संघ के साथ मिल कर के सर्दी बुखार यानी मलेरिया के खिलाफ आन्दोलन किया उसी तरह से विश्व स्वास्थ्य संघ की सहायता लेकर के शीतला और हैजे को अपने देश से निर्मूल करना चाहिए। उस वक्त हमेशा मुझे मंत्रियों से जवाब मिला है कि अपने पैरों पर खड़े रहो ये वित्त मंत्री साहब जब बयान देते हैं तो यही बताते हैं कि मैं जर्मनी गया, इतनी भीख मिली। मैं इंग्लिस्तान गया तो इतनी भीख मिली, मैं रूस गया तो इतनी भीख मिली। जैसे कोई भिखमंगा भीख मांग कर लाये और फिर सुनाए कि उसे कहां कहां कितनी भीख मिली। लेकिन शीतला और हैजे को खत्म करने के लिये यह सरकार विश्व स्वास्थ्य संघ की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि जो कोई गैर-कांग्रेसी सरकार किसी सूबे में बने, उसका पहला फर्ज होना चाहिये कि वह विश्व स्वास्थ्य संघ को न्योता दे और उनकी सहायता ले कर कम से कम अपने इलाके से इन दोनों महामारियों को खत्म करे।

सोचने का ढंग कितना हमारा बिगड़ गया है। अगर फसल अच्छी हो तो किसकी जिम्मेदारी और बुरी हो तो किसकी जिम्मेदारी। फसल जब बुरी होती है तो कहा जाता है कि पानी नहीं बरसा, इन्द्र महाराज ने गुस्सा

दिखाया, उनकी कोप-दृष्टि रही और अगर फसल अच्छी हो गई और खाने को मिल गया तो इन्द्रा जी का चमत्कार। इस तरह से सोच-विचार से देश बनने वाला नहीं है। सोच अगर ईमानदार होती है तभी समझ में आती है, वेईमान समझ के आधार पर कभी भी अच्छी सोच नहीं आ सकती और इसी लिये मुझे मोटे तौर से कहना है कि इस सरकार में शब्दों के महाजाल में हेकड़ी और निर्लज्जता आ गई है। ये भुखमरी नहीं कहना चाहेंगे, कहेंगे स्वास्थ्य हानि, भुखमरी से नहीं मरा करते, स्वास्थ्य हानि से मरा करते हैं। इसी तरह राज्यों में लाठी-मार कभी नहीं हुआ करता, वहां लाठी प्रदर्शन हुआ करता है। आप कब तक इन शब्दों की दुनियां में धोखा देते रहोगे, कब तक किसी आदमी को भुला सकते हो, क्योंकि अब यह बात बिलकुल साफ हो चुकी हैं और खास तौर से 1966 के कांडों के बाद जो नतीजे निकल रहे हैं, उन को देखते हुए जनता दोनों रास्तों पर चलेगी, अन्याय से लड़ती रहेगी प्रतिकार करेंगी, चुनाव के लिये तैयारी करती रहेगी, वंद करेगी, हड़ताल करेगी, सरकार का चलना नामुकिन करेगी और कोई आदमी अगर कहता है कि जनतंत्र में खाली वोट के जारिये सरकार हटाई जाय, क्यों यह काम करते हो, तो मैं कहूंगा कि मान लो 1967 का चुनाव हो जाय, फिर दूसरा चुनाव कब होगा—पांच साल बाद और अगस्त, 1967 में फिर किसी इलाके में अकाल हो, पानी का अकाल हो अगर उस वक्त हम लोग कुछ कोशिश करने जायं और सरकार के आदमी कहें कि पांच साल बाद इस का इलाज ढूढ़ेंगे, अभी नहीं तो इस का क्या अर्थ है, यह जनतन्त्र का मखौल नहीं तो क्या है। जब कभी कोई अन्याय होता है, तो उस अन्याय का मुकाबला उसी वक्त करना पड़ता है, यह जनतन्त्र की पहली शर्त है। इस लिये लोग उन दोनों रास्तों पर चलते चलेंगे।

मैं इधर-उधर की फजूल वहस में नहीं पड़ना चाहता हूं। वहुत से लोग अपने ख्याल से मेरे ऊपर हिंसा किये जाने के आरोप लगाया करते हैं। उसकी बहस और जगह हो जाया करेगी, लेकिन मैं इतना कहना चाहता हूं कि यह जनता ऊब गई है और ऊबने के कारण कहीं कहीं बुरी बात कहने लगी है। बंगाल, बस्तर, बांदा, ये तीन बड़े कांड हुए हैं, छोटे छोटे कांड तो बीसियों हुए होंगे। बंगाल में 30-40 आदम मरे, किस तरह से मरे।

**एक माननीय सदस्य :** 50 मरे।

**डा० राम मनोहर लोहिया :** वह पचास कह रहे हैं। वैसे देखा जाए तो और भी हो सकते हैं। बस्तर में न जाने कितने मरे, तीस-चालिस- पचास, उसी तरह से बांदा में हुआ, कहीं कहीं तो यह संख्या 60 तक पहुंच जाती है। फिर लोग हम से कहा करते हैं कि तुम हल्ला मचाते हो, लेकिन कर क्या पाते हो, क्या विगाड़ पाते हो। उस मुख्य मंत्री का क्या बिगड़ पाये, उस मजिस्ट्रेट का, पुलिस सुपरिन्टेण्डेन्ट का, जिस ने यह कारनामा किया था, क्या कर सके। इस का जवाब हमारे लिये इतना जरूरी हो जाता है, क्योंकि जनता के मन में यह भ्रान्ति जम गई है कि कोई भी पुलिस वाला कितना भी कत्ल और अत्याचार करे, जुल्म करता रहे, कोई भी मजिस्ट्रेट कितनी भी मनमानी और स्वेच्छाचारिता करता रहे कोई भी मंत्री कितनी ज्यादा लूटखसोट और जुल्म करता रहे, उसका इलाज कुछ नहीं निकल पाता। ये विरोधी लोग कुछ अर्से तक चिलाते हैं, कुछ बातें अखबारों से जनता

[डा० राम मनोहर लोहिया]

में फैलती हैं, लेकिन फिर वे बात शान्त हो जाया करती हैं। तो मुझे कहना है कि इस का जबाब हम लोगों को नहीं बल्कि सारे देश को ढूंढना है। अगर देश की जनता में आज्ञाकारिता की आदत पड़ गई हो तो, सभापति महोदय, आप जानते हैं कि किसी भी सरकार का सब से बड़ा मित्र होता है देश की जनता की आज्ञाकारिता, जो हुक्म आया, उसको फौरन मान लिया। इस लिये में कहना चाहता हूं कि भारत की जनता को आज्ञाकारिता की आदत को खत्म कर के एक नई आदत रखनी चाहिये, जो कोई हुक्म आये, उसको जाचों, परखो, और अगर अन्याय है तो उसके साथ लड़ो, उसका मुकावला करो, तभी अपने देश को अच्छा बना पाओगे।

मैं जानता हूं कि इन बातों के होते हुए विदेश नीती का अक्सर इधर उधर जिक्र कर देते हैं, क्योंकि उस में अखबारों के जरिये प्रचार करने का मौका मिलता है। देश में हम लोग बहुत बुरे हैं, लेकिन परदेश में तो अच्छे हैं। अभी अक्तूबर में तीनों का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। सम्मेलन होगा, तसवीरें छपेंगी, लोग समझेंगे कि चलो कोई बात नहीं, भूखे मरते हैं तो कोई बात नहीं प्यासे मरते हैं तो कोई बात नहीं, कम से कम बाहर तो शानोशौकत है। इस निपेक्षता की नीति के क्या नतीजे निकले, हैं, किस तरह से यह निपेक्षता की नीति चली है, इस लिये कुछ छोटी छोटी बातों को जानना जरूरी है। पहली बात तो यह है कि—गंगा गये, गंगा नाथ, जमना गये-जमना नाथ। वाशिंटन गये तो अमरीका मित्र, मास्को गए तो रूस मित्र। मैं नहीं जानता कि किसी और देश की निपेक्षता का क्या मतलब होता है, लेकिन प्रधान मंत्री जी की अभी पिछली विदेश यात्रा ने बिलकुल साबित कर दिया है कि—गंगा गये तो गंगा दास, जमना गये तो जमना दास। यह है इनकी निपक्षता की नीति। इस के अलवा तीनों का जो शिखर सम्मेलन ....

**श्री कमल नयन बजाज** (वर्धा) : गंगा जमना मिल जाती हैं।

**श्री कृ० चं० शर्मा** : बनारस में गंगा जमना मिल जाती हैं।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : ठीक है तो रुस और अमरीका को मिलाओ। शर्मा जी, फिर सबसे बड़ा ताज दुनिया का आपके सिर पर रखा जायगा।

शिखर सम्मेलन कितनी अड़चने अभी से पैदा कर चुका है, उस पर आप ध्यान दें। मैं इस सदन को चेतावनी दे देना चाहता हूं कि न जाने कितने देशों में अभी से इस सम्मेलन और इस के करनेवालों के खिलाफ जहर उगला जा रहा है। लोग कहते हैं कि ये कहां से तीस-मारखां बन बैठे, इन को कब, किसने नेता बनाया था। ये बातें लंका में हो रही हैं, हिन्द-एशिया में हो रही हैं, अल्जीरिया में हो रही हैं। न जाने कितने देशों के नेताओं को इस पर उज़ हुआ है कि ये तीन लोग किस तरह से नेता बन बैठे।

इस के अलावा इनकी निर्पेक्षता की नीति की एक और बात, बड़े, सदमे की बात आप को बताऊं। खाली उस तरफ के लोगों को नहीं, बल्कि इस तरफ के लोगों को भी बतलाना चाहता हूं और मैं समझता हूं कि शायद भारत के दिमाग़ पर भी उस का कुछ असर पड़े। इस वक्त जो सबसे बड़ी घटना पूर्वी प्रदेश में हो रही है, हमारे पड़ोस में, पूर्वी बंगाल में जो इतना जबरदस्त जनता का

आन्दोलन हो रहा है उस पर यहां के लोगों की राय नहीं बनती हैं। इधर उधर चले जायेंगे लेकिन उस पर विचार नहीं करेंगे। अगर निर्पक्षता का यह मतलब होता है, तो असलियत से हटकर किसी तरह अपने मन को भूलावा देते रहा जाय, तो इस निर्पेक्षता को जितना जल्द हो, उखाड़ कर फेंक देना चाहिए।

**सभापति महोदय** : आपका समय हो गया है ।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : मुझे पांच मिनट और दीजिये ।

पूर्वी बंगाल की बात सामने नहीं आ पाती। वह हमारा पड़ौसी है। वहां पर सैकड़ों आदमियों को गोली के घाट उतारा जा चुका है । जिस तरह से ये बांदा, पश्चिमी बंगाल और बस्तर में लोगों को गोली के घाट उतारा गया है, वहां पर भी एक लाख के करीब लोग जेलखानों में बन्द हैं । वहां के आवामी लीग के नेता शेख मुजीबुर्रहमान ने जो पुस्तिका छपाई है, वह मेरे पास किसी तरह से आ चुकी है। उनकी मांगों को मैंने पढ़ा है। उस से पता चलता है कि वहां भी जनता अंगड़ाई ले चुकी है। हो सकता है कि ताशकन्द समझौते का लोग जिक्र करें क्योंकि उसमें लिखा हुआ है कि किसी भी देश को दूसरे देश के अन्दरूनी मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये । ये सब शर्तें सरकारों के लिए हुआ करती हैं । लेकिन मुझे डर है कि इस भारत सरकार ने अपने प्रेस इत्तिला ब्यूरी की तरफ से अखबारों को तथा दूसरे जरियों से जनता को यह समझाया है कि तुम पूर्वी बंगाल के मामले में दखल मत देना, उनकी तरफ ज्यादा हमदर्दी मत दिखाना। अगर ऐसा हुआ है और मेरा विश्वास है कि यह हुआ है तब किसी भी तरह की एक दूसरे के प्रति हमदर्दी नहीं रह जाती है ....

**सभापति महोदय** : अब आप समाप्त करें।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : तीन चार मिनट में मैं खत्म किये देता हूं।

**सभापति महोदय** : मैं अर्ज करूंगा कि जितना समय उचित था वह मैंने दे दिया है। और भी माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं। अब आप खत्म करें। एक मिनट और ले लें।

**डा० राम मनोहर लोहिया** : यह कहा गया है कि हमारा घर फूटा है । हमारा घर बना ही नहीं फूट कहां से गया ? हम अपना घर बना रहे हैं । वही दो रास्ते हैं एक तो हड़तालों का और बन्द का और दूसरा चुनाव का रास्ता । वोटों की बात चुनावों को लेकर की जाती है । आप याद रखें कि जितने वोट थे उन में से केवल 23 वोट इनको मिले हैं, 77 वोट इनको नहीं मिले हैं । पचास वोट घर पर रहे हैं । 27 वोट इनके खिलाफ गये हैं। आखिर किसी न किसी दिन इनको जाना होगा । किसी न किसी दिन इनका यह हाल बन कर रहेगा ।

इस वक्त मैं ज्यादा कहने की स्थिति में नहीं हूं क्योंकि वक्त नहीं है। ये तो शान्ति के पैगम्बर हैं । लेकिन आप देखें कि एक एक कदम पर इन्होंने उलटी बात करने का फैसला किया है। जब अवमूल्यन हुआ और दाम बढ़े तो सब से पहले इनके होटलों में और विदेशी पोस्ट में दाम बढ़े और हवाई जहाजों में इन्होंने अपने दाम बढ़ाये। फिर भी ये कहते हैं कि दाम नहीं बढ़े हैं । प्रधान मंत्री जी, दाम बढ़ते चले जा रहे हैं। सिर्फ अपने बल के ऊपर आप कह देती हैं कि दाम नहीं बढ़े आप इस तरह से कहते हैं कि जनता एक तरीका बना ले कि इनके हवाई जहाजों को जाकर आग लगा दे क्योंकि ये बार बार कहते हैं कि जो व्यापारी अपने माल के दाम बढ़ायेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई आप करेंगे । आप जानती हैं कि यहीं पर दिल्ली शहर में चार पांच लाख आदमी झुग्गियों में रहते हैं। आठ लाख आदमी गैर-कानूनी बस्तियों में रहते हैं जिन्होंने पैसा देकर अपनी जमीनें

[डा० राम मनोहर लोहिया]

खरीदी हैं और उनको निकालने की कोशिश हो रही है। दिल्ली शहर उन्हीं के सहारे बनाया गया है। जब दिल्ली शहर बसाना था तब तो उनको बुला लिया था अब उनको उजाड़ने की कोशिश चल रही है। ऐसा नहीं होना चाहिये।

आखिरी बात उसी के साथ साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि आप दुनिया को तो कहते हैं कि किराया मत बढ़ाओ लेकिन खुद जो सरकारी इमारतें होती हैं या निगम की इमारतें होती हैं क्या यह सही नहीं है कि कि सब से पहले ये हजरत खुद अपना किराया बढ़ाते हैं ? मैं समझता हूं कि इस वक्त इससे ज्यादा बड़ी बेईमानी और देश में कोई नहीं हो सकती है। अब वक्त आ गया है चाहे अब लोग अपनी जनसंख्या के आधार पर जो भी कह दिया करते हों कि खाली चुनाव ही एक तरीका है लेकिन उसके साथ दूसरे तरीके भी हैं जिनको हिन्दुस्तान की जनता जानती है। हिन्दुस्तान की जनता अंगड़ाई लिया करती है और वह तरीका चल रहा है। इसलिये नहीं चल रहा है कि चुनाव में जाना है, चुनाव जीतना है। मैंने कहा है कि 1966 का साल अकाल का साल रहा है, अवमूल्यन और रुपये की घिसाई का साल रहा है। इस साल यह भी पता चलता है कि यह सरकार भूमि हरण की सरकार है, इस साल पानी का अकाल, रोटी का अकाल रहा है। उसके साथ साथ अवमूल्यन हुआ है। जो कुछ भी जनता की तरफ से अंगड़ाई हो रही है, अंगड़ाई ली जा रही है उसके बारे में मैं कह सकता हूं कि ये राजनीतिक पार्टियां कुछ नहीं करती हैं, यह तो जनता अंगड़ाई ले रही है।

**श्री राम सहाय पाण्डेय** (गुना) : संसदीय जीवन में और संसदीय प्रथा में यह आवश्यक है और विरोधी दलों को इसकी स्वीकृति प्राप्त है कि वे अविश्वास का प्रस्ताव सरकार के खिलाफ लायें और किसी हद तक यह बात ठीक भी है। इसका कारण यह है कि इससे सारे देश के लोगों को इस बात का ऐहसास होता है कि वे इस बात को समझें कि विरोधी दल कितना जिम्मेदार है, उसका कितना बड़ा दायित्व है और उस दायित्व के निर्वाह के प्रति वह कितना जागरूक है। लेकिन आप देखें कि सारा देश इस बात को समझता है कि विरोधी दल का केवल एक दायित्व है, केवल एक जिम्मेदारी है कि उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है, कोई दायित्व नहीं है, विरोधी दल का केवल एक सिद्धान्त है कि उसका कोई सिद्धान्त नहीं है, विरोधी दल का केवल एक गुण है कि कोई गुण नहीं है और वह इसलिए कि विरोधी दल तमाम विभिन्न विचारधाराओं में बंटे हुए हैं। वह दिन प्रजातन्त्र के लिए और भारत भूमि के लिए बड़ा श्रेष्ठतम दिन होगा जिस दिन दो ही दल इस देश में होंगे और तब जो दल विरोधी दल होगा वह दायित्व की बात करेगा जिम्मेदारी की बात करेगा और इस प्रकार विरोधभास उसमें नहीं होगा। विरोधी दल का यह भी काम है कि आलोचना, कटु आलोचना, भर्त्सना करने के साथ साथ एक मार्ग-दर्शन भी दे और जनता को बताये कि हमने ये आल्टरनेटिव स्टैप्स गवर्नमेंट को बताये थे जिनका उसने पालन नहीं किया। सरकार भी वही उत्तम होती है कि जो राय, कोई अच्छी बात देश के विकास और उन्नति के लिए यदि विरोधी दल वालों की तरफ से आती है, उसे नतमस्तक होकर स्वीकार कर लेती है।

लेकिन आप देखें कि अभी अभी लोहिया जी ने कुछ बातें कही हैं, कुछ चेतावनी भी दी है और कुछ विद्रोह की बात भी कही है। दो रास्ते उन्होंने बताये हैं। एक चुनाव का और दूसरा विद्रोह का। इससे आप समझ सकते हैं कि उनका मंशा क्या थी उनकी मनोवति क्या थी और वे चाहते क्या हैं। जब वह यह

कहते हैं कि वह इस देश में हर घर को ऐसा देखना चाहते हैं जिसमें चिमनी लगी हो, धुआं ऊपर से निकले और हमारी महिलाओं की आंखें खराब न हों तो उनकी यह बात मुझे स्वीकार्य है। जब वह कहते हैं कि इस प्रकार की व्यवस्था हो कि शीतलामा और चेचक के सम्बन्ध में स्वास्थ्य संघ को निमंत्रण दिया जाए तो उनकी यह बात भी मुझे स्वीकार्य है। निश्चित रूप से मुझे ये बातें उनकी स्वीकार्य हैं। ऐसा होना भी चाहिए। लेकिन ये जो अच्छी अच्छी बातें जितनी हैं, यह जो अच्छी बातों के बारे में आप परामर्श देते हैं ये तभी कार्यान्वित हो सकती हैं जब आप विद्रोह की ज्वाला इस देश में न भड़कायें। यदि आप विद्रोह की ज्वाला पर इस देश को चलाना चाहें और साथ साथ आप यह कहें कि हमारा विश्वास प्रजातन्त्र में है, हमारी आस्था प्रजातंत्र में है, हमारी आस्था संसदीय प्रणाली में हैं, तो ये दोनों बातें साथ साथ कैसे चल सकती हैं। इस वास्ते आपको विद्रोह के रास्ते से हटना होगा। यह कैसे हो सकता है कि एक तरफ तो आप प्रजातंत्र के रास्ते पर चल कर चुनाव की बात करें और दूसरी तरफ विद्रोह की बात करें।

हम नहीं चाहते हैं कि इस देश में ऐसी स्थिति हो जिसको अकाल की स्थिति कहा जा सकता हो। यदि कहीं खाने की चीज़ों की कमी है, अनाज की कमी है तो परामर्श करके, सरकार से कह कर आप वहां अनाज पहुंचवायें। वहां अनाज पहुंचाया भी जा सकता है। जहां अधिक है वहां से जहां पर कम है, उन स्थानों को अनाज पहुंचाया जा सकता है और उसकी मांग भी की जा सकती है। लेकिन विरोधी दल के लोग और विशेषकर लोहिया जी के दल के लोग और उस दल के साथ साथ कम्युनिस्ट दल के लोग बन्द, घेरा डालो, लूटो, मारो, शस्त्रागारों को लूट लो सचिवालयों में घुस जाओ, जलाओ, सार्वजनिक सम्पत्ति का ध्वंस करो, विनाश करो, के नारे लगाते हैं, इसका प्रचार करते हैं।

आप सोच सकते हैं कि यदि इस रास्ते पर हम लोग गए तो कहां रहेगा प्रजातंत्र और कहां रहेगी यह संसदीय प्रणाली और कहां रहेगी यह सार्वभौमिक सत्ता, कहां रहेगी यह जनता की प्रभुसत्ता और कहां रहेगा यह चुनाव। तब यह संसद् तो रह ही नहीं सकती है। फिर तो एक भयंकर स्थिति देश के सामने पैदा हो जाएगी, एक विभीषिकापूर्ण स्थिति देश में पैदा हो जाएगी, देश में खून खराबा होगा, ध्वंस होगा, बरबादी होगी और उसके बाद आ जाएगा फैसिज़म जिस प्रवृत्ति के प्रतीक हैं श्री लोहिया जी। यह उनका कहना ठीक हो सकता है कि हम लोग क्या कर सकते हैं क्योंकि हमारी संख्या बहुत कम है। टुटरूटूं मिला करके ग्यारह आदमी उनकी पार्टी के यहां हैं। न जाने कैसे जोड़ लगा लिया है और ग्यारह बना दिया है जबकि उनकी टिकट पर भी इन में से कुछ चुन कर नहीं आए थे। लोहिया जी ने क्रान्ति की बात कही है और वह सुन्दर बात भी हो सकती है, एक सुन्दर क्रान्ति भी हो सकती है, वैचारिक क्रान्ति भी हो सकती है। लेकिन जिस क्रान्ति का नारा वह देते हैं, उस क्रान्ति में खून खराबे के लक्षण ही दिखाई देते हैं।

**17 hrs.**

विद्रोह और ध्वंस की कल्पना उसमें आती है, जिससे प्रजातन्त्र की जड़ें हिल जायेंगी आज इस बात को आप समझें कि उन्होंने कहा कि मस्त हाजिर जवाबी है। मखौल किया उन्होंने हमारे प्रधान मंत्री के निर्णयों का। स्पष्ट देखिये कि हमारे दल ने, जो सरकार ने संचालन का दायित्व लिये हुए है और राष्ट्र के प्रति दायित्व निर्वाह करने का जिम्मेदार है, कोई बात छिपाई नहीं है। डंके की चोट पर हम अपनी कमजोरियों को बतलाते हैं। क्या यह सत्य नहीं है कि हमने कहा कि अनाज की कमी है, क्या यह सत्य नहीं है कि हमने कहा कि हमारी प्लैनिंग में जो योजना के पीछे प्रयोजन था उसमें कमी आ गई, क्या हमने यह नहीं कहा कि प्रति व्यक्ति आय जितनी

[श्री राम सहाय पाण्डेय]

बढ़नी चाहिये थी उतनी नहीं बढ़ी है, क्या हमने यह यह नहीं कहा कि राष्ट्रीय श्राय जो 30 प्रतिशत बढ़नी चाहिये थी वह 14 प्रतिशत ही बढ़ी है।

**सभापति महोदय** : अब माननीय सदस्य अपना भाषण कल जारी रखेंगे।

**17.02 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, August 3, 1966/Sravana 12, 1888 (Saka)*

---

GMGIPND—LS III—(Ai) LSD—8-10- 66—970.